# बिरला इंस्टीट्यूट में प्लाज्मा प्रदर्शनी का समापन

बिरला इंस्टीट्यूट में प्लाज्मा प्रदर्शनी में आपस में चर्चा करते विद्यार्थी • जागरण

संस, भीमताल : बिरला इंस्टीट्यूट आफ एप्लाइड साइंसेज भीमताल में प्लाज्मा अनुसंधान संस्थान गांधीनगर के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय प्रदर्शनी का शुक्रवार को समापन हुआ। प्रदर्शनी में ग्राफिक एरा, सेंट थेरेसा सहित अनेक संस्थानों के दो हजार से अधिक छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संस्थान निदेशक प्रो. वीके सिंह ने कहा कि उत्तराखंड में पहली बार प्लाज्मा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। जिसमें प्लाज्मा अनुसंधान संस्थान गांधीनगर से आए विशेषज्ञों ने जानकारी दी। प्रदर्शनी में अभय कुमार शर्मा व नितिन छिमवाल आदि थे।

# बिड़ला इंस्टीट्यूट में प्लाज्मा प्रदर्शनी शुरू

भीमताल। प्लाज्मा अनुसंधान संस्थान गांधीनगर के सहयोग से बिड़ला इंस्टीट्यूट में पांच दिवसीय प्लाज्मा प्रदर्शनी शुरू हो गई है।शुभारंभ मंगलवार को मुख्य अतिथि डायरेक्टर प्रो. वीके सिंह, कुलसचिव डॉ. हेम चांद पांडे, डॉ. एवी रवि कुमार, छाया छावड़ा, हर्ष, चेतन जरीवाला व नरेंद्र चौहान ने दीप जलाकर किया। डॉ. एवी रवि कुमार ने बताया प्रदर्शनी 28 से 2 दिसंबर तक प्रदर्शनी लगेगी।

बिड़ला इंस्टीटयूट भीमताल में मंगलवार को पांच दिवसीय प्लाज्मा प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते अतिथि।